## दिनॉक 06.11.2023 को प्रातः 10:30 बजे जिलाधिकारी महोदय, बदायूँ की अध्यक्षता में ''जल जीवन मिशन'' कार्यक्रम के अन्तर्गत कार्यो की समीक्षा बैठक का कार्यवृत्त।

उपस्थिति–

1. श्री केशव कुमार, मुख्य विकास अधिकारी, बदायूँ।
2. श्री नरेन्द वर्मा, अधिशासी अभियन्ता, खण्ड कार्यालय, उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण), बदायूँ।
3. श्री जितेन्द्र पाण्डेय, सहायक महाप्रबन्धक, मै0 पी0एन0सी0– एस0पी0एम0एल0 जे0वी0, आगरा।
4. श्री हरिओम चौधरी, परियोजना प्रबन्धक, मै0 पी0एन0सी0– एस0पी0एम0एल0 जे0वी0, बदायूँ।
5. श्री प्रदीप कुमार, सहायक अभियन्ता, खण्ड कार्यालय, उ0प्र0 जलनिगम (ग्रामीण), बदायूँ।
6. श्री अमरजीत यादव, जिला समन्वयक, मै0 मेघज टेक्नो कॉन्सेप्ट प्रा0लि0 (डी0पी0एम0यू0), बदायूँ।
7. श्री हसीबुर रहमान, आई0एस0ए0 समन्वयक, मै0 मेघज टेक्नो कॉन्सेप्ट प्रा0लि0 (डी0पी0एम0यू0), बदायूँ।

बैठक में निम्नानुसार बिन्दुओं पर समीक्षा की गयी।

1. **''जल जीवन मिशन'' कार्यक्रम के अन्तर्गत सड़क के पुर्ननिर्माण की स्थितिः–**

जिलाधिकारी महोदय द्वारा निर्देशित किया गया कि ग्राम पंचायतो में पाइप लाइन बिछाने हेतु खादी गई ट्रेन्च को साथ के साथ लेवल कर मोटरेबल बनाया जाये एवं पाइप लाइन टेस्टिंग के पश्चात् तत्काल सड़क पुर्ननिर्माण का कार्य कराना सुनिश्चित किया जाये। जिलाधिकारी महोदय द्वारा निर्देश दिये गये कि यह सुनिश्चित किया जाये कि मुख्य मार्गो के किनारे ट्रेन्च की Back Filling एवं सड़क पुर्ननिर्माण कराया जाना सुनिश्चित किया जाये।

**(कार्यवाही–अधिशासी अभियन्ता, खण्ड कार्यालय, उ0 प्र0 जल निगम (ग्रामीण), बदायूँ एवं मै0 पी0एन0सी0–एस0पी0एम0एल0 जे0वी0, आगरा)।**

2. **''जल जीवन मिशन'' कार्यकम के अन्तर्गत ''हर घर जल'' की स्थितिः–**

अधिशासी अभियन्ता, खण्ड कार्यालय, उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण) द्वारा अवगत कराया गया कि जनपद में वर्तमान तक 22 नग रेट्रोफिटिंग एवं 56 नग नई पेयजल योजना कुल 78 नग ग्राम पंचायतों को **''हर घर जल''** प्रमाणित किया गया है तथा 191 नग पेयजल योजना पोर्टल पर **''हर घर जल''** रिपोर्ट की गई हैं। हर घर जल प्रमाणिकरण की प्रगति पर जिलाधिकारी महोदय द्वारा असंतोष व्यक्त किया गया। जिलाधिकारी महोदय द्वारा निर्देश दिये गये कि आई0एस0ए0 एजेन्सियों द्वारा सत्यापित करते हुए हर घर जल प्रमाणित किये जायें तथा निर्देशित किया गया कि हर घर जल की प्रगति बढायी जाये।

**(कार्यवाही–अधिशासी अभियन्ता, खण्ड कार्यालय, उ0 प्र0 जल निगम (ग्रामीण), बदायूँ एवं मै0 पी0एन0सी0–एस0पी0एम0एल0 जे0वी0, आगरा)।**

3. **''जल जीवन मिशन'' कार्यकम के अन्तर्गत कराये जा रहे अवर जलाशय के निर्माण की स्थितिः–**

अधिशासी अभियन्ता, खण्ड कार्यालय, उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण), बदायूँ द्वारा अवगत कराया गया कि कुल 701 नग ओवर हैड टैंक का कार्य प्रगति पर है तथा 85 नग ओवर हैड टैंक का कार्य पूर्ण कर लिया गया है। जिलाधिकारी महोदय द्वारा निर्देशित किया गया कि निर्माणाधीन ओवर हैड टैंकों का प्रगति चार्ट शीघ्र उपलब्ध कराया जाये तथा इंगित किया जाये कि ओवर हैड टैंकों का निर्माण कब तक हो जायेगा तथा अनारम्भ 71 नग ओवर हैड टैंकों एवं 42 नग अनारम्भ ग्राम पंचायतों में इसी माह कार्य प्रारम्भ कराना सुनिश्चित किया जाये।

**(कार्यवाही–अधिशासी अभियन्ता, खण्ड कार्यालय, उ0 प्र0 जल निगम (ग्रामीण), बदायूँ एवं मै0 पी0एन0सी0–एस0पी0एम0एल0 जे0वी0, आगरा)।**

4. **''जल जीवन मिशन'' कार्यकम के अन्तर्गत जल शुल्क की वसूली के सम्बन्ध में :–**

अधिशासी अभियन्ता, खण्ड कार्यालय, उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण), बदायूँ द्वारा अवगत कराया गया कि जो ग्राम पंचायतें ''हर घर जल'' प्रमाणित हो चुकी हैं उनमें प्रत्येक घर से 50 रू0 मासिक जल कर शुल्क वसूले जाने का प्राविधान है तथा इसके अतिरिक्त अवगत कराया गया कि विगत माह में खेड़ा बुजुर्ग ग्रामीण पेयजल योजना से प्राप्त धनराशि रू0 15000.00, बसेला सांसद आदर्श ग्राम पेयजल योजना से धनराशि रू0 18000.00, पुठी सराय ग्रामीण पेयजल योजना से धनराशि रू0 14000.00 तथा रिसौली ग्रामीण पेयजल योजना से प्राप्त धनराशि रू0 350.00 की जल कर वसूली की गई है। जिलाधिकारी महोदय द्वारा जल कर वसूली कम होने पर रोष व्यक्त किया गया तथा निर्देश दिये गये कि हर घर जल प्रमाणित ज्यादा से ज्यादा ग्राम पंचायतों में जल कर वसूली करना सुनिश्चित किया जाये तथा शतप्रतिशत जल कर वसूली वाली ग्राम पंचायत के ग्राम

प्रधान को प्रोत्साहन हेतु विकास खण्ड स्तर या तहसील स्तर पर सम्मानित किया जाये। आई0एस0ए0 एजेन्सियों द्वारा ग्राम पंचायतों में जल के महत्व को समझाने हेतु अभियान चलायें जायें। श्री हसीबुर रहमान, आई0एस0ए0 समन्वयक, मै0 मेधज टेक्नो कॉन्सेप्ट प्रा0लि0 (डी0पी0एम0यू0) द्वारा अवगत कराया गया कि जल कर वसूली सहजता एवं पारदर्शिता हेतु ग्राम पंचायत में ग्राम पंचायत सचिवालय एवं जल कर प्रांगण मे क्यू0आर0 कोड को चस्पा किया जा रहा है। जिलाधिकारी महोदय द्वारा इस माध्यम को उचित बताते हुए निर्देश दिये गये इस सम्बन्ध में ग्रामवासियों को जागरूक किया जाये।
**(कार्यवाही—अधिशासी अभियन्ता, खण्ड कार्यालय, उ0 प्र0 जल निगम (ग्रामीण), बदायूँ एवं (डी0पी0एम0यू0), बदायूँ)।**

5. **"जल जीवन मिशन" कार्यक्रम के अन्तर्गत निर्माण कार्यों की गुणता एवं शिकायतों के सम्बन्ध में :-**

जिलाधिकारी महोदय द्वारा निर्देश दिये गये कि निर्माण कार्यों की गुणवत्ता का विशेष ध्यान दिया जाये तथा जनप्रतिनिधियों द्वारा प्राप्त शिकायतों को जनप्रतिनिधियों से व्यक्तिगत मिलकर शिकायतों का निस्तारण कराया जाये तथा समय-समय पर प्राप्त निरीक्षण आख्याओं में इंगित कमियों का निराकरण शीघ्र कराया जाये।
**(कार्यवाही—अधिशासी अभियन्ता, खण्ड कार्यालय, उ0 प्र0 जल निगम (ग्रामीण), बदायूँ एवं मै0 पी0एन0सी0- एस0पी0एम0एल0 जे0वी0, आगरा)।**

10.11.23
(केशव कुमार)
मुख्य विकास अधिकारी,
बदायूँ।

# कार्यालय मुख्य विकास अधिकारी, बदायूँ।

पत्रांक-
**प्रतिलिपि—निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।**

1. जिलाधिकारी महोदय, बदायूँ को सादर अवलोकनार्थ।
2. अधीक्षण अभियन्ता, मण्डल कार्यालय, उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण), बरेली।
3. अधिशासी अभियन्ता, खण्ड कार्यालय, उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण), बदायूँ।
4. परियोजना प्रबन्धक, मै0 पी0एन0सी0- एस0पी0एम0एल0 जे0वी0, बदायूँ।
5. मै0 मेधज टेक्नो कन्सेप्ट प्रा0लि0 (डी0पी0एम0यू0), बदायूँ।
6. मै0 बी0एल0जी0 कन्स्ट्रक्शन सर्विसेज, टी0पी0आई0, बदायूँ।
7. मै0 चेतना सेवा संस्थान, (आई0एस0ए0),बदायूँ।
8. मै0 हेल्पिंग हैण्ड वेलफेयर, (आई0एस0ए0), बदायूँ।
9. मै0 मानव उत्थान सेवा संस्थान, (आई0एस0ए0), बदायूँ।
10. मै0 बिन्द विकास सेवा संस्थान, (आई0एस0ए0), बदायूँ।
11. मै0 पी0एस0 सेवा समिति, लखनऊ।

10.11.23
मुख्य विकास अधिकारी,
बदायूँ।